


नवभारत
भोपाल, रविवार, 11 अगस्त, 2024


# हाथों में तिरंगा, भारत माता के जयकारों के साथ निकली तिरंगा यात्रा

## पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देशन में जिलेभर में हुआ बाईक रैली का आयोजन, हेलमेट पहनकर निकले जवान

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** 15 अगस्त पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस कप्तान विनीत कुमार जैन के निर्देशन में जिलेभर में तिरंगा बाईक रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान जहां जिलामुख्यालय पर आयोजित बाईक रैली पुलिस पेट्रोल पंप से प्रारंभ हुई, तो वहीं जिले के अन्य थानों में बाईक रैली निकाली गई। रैली में सभी पुलिस के अधिकारी और हाथों में तिरंगा लेकर बाइक से शामिल हुए। साथ ही पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कंवर शामिल हुए। रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास के पुलिस पेट्रोल पंप से शुरू हुई। इसके बाद राजमाता चौराहा, बाइपास रोड होते हुए बस स्टैंड, ओवर ब्रिज, सेन तिराहा, विदिशा बायपास रोड़, त्रिदेव मंदिर, विदिशा रोड स्थित एचडीएफसी तिराहा, पुराना बस स्टैंड, मिलन तिराहा, गांधी पार्क, स्टेशन रोड इसके बाद वापस एफओवी होते हुए अस्पताल चौराहा के बाद कलेक्ट्रेट रोड से वापस पुलिस पेट्रोल पंप पहुंची, जहां पर कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके बाद तिरंगा सेल्फी का आयोजन भी हुआ।



### पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा, दिया देशभक्ति का संदेश

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** मुंगावली। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर शनिवार को पुलिस कर्मियों ने बाइक रैली निकाली ,यह रैली पिपरई रोड स्थित थाने से शुरू हुई जो नगर की चौक चौराहों और मुख्य सड़कों से होते हुए रेलवे स्टेशन रोड तक निकाली। जिसमें नगर निरीक्षक गब्बर सिंह गुर्जर एवं एसडीओपी सनम बी खान के नेतृत्व में पुलिसकर्मी बाइक पर तिरंगा लहराते हुए निकले। जिसमें हाथों में तिरंगा झंडा लिए भारत माता की जय के नारे और डीजे की धुन पर देश भक्ति के जयकारों लगाते हुए रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था ।



### तिरंगा यात्रा में जमकर थिरके देश के वीर जवान, निकाली बाईक रैली


नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एसडीओपी शैलेन्द्र शर्मा के निर्देशन में नगर निरीक्षक मनीष सिंह जादौन के नेतृत्व में शनिवार को पुलिस के वीर जवानों ने बाइक पर सवार होकर तिरंगा फहराते हुए नगर में देशभक्ति की भावना को जगाया। तिरंगा बाइक यात्रा शहर के सभी मुख्य मार्गों से निकाली गई। दिल्ली दरवाजा चौराहा पर एसडीओपी, नगर निरीक्षक और सभी पुलिस के जवान राष्ट्रीय गीत पर हाथों में तिरंगा लेकर जमकर थिरके और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने का प्रयास किया। वहीं राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा की शुरुआत भी की। भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर 11 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा के अभियान की शुरुआत इस तिरंगा बाइक यात्रा के साथ की गई।



### पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा

**पिपरई।** कस्बे में शाम के समय पुलिस ने तिरंगा यात्रा निकल कर हर घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया। इस दौरान थाना प्रभारी हुक्म सिंह मीणा के नेतृत्व में पुलिस थाना से बाइक रैली निकाली जिसमे समस्त पुलिस स्टाफ अपनी-अपनी बाइको पर तिरंगा लेकर निकले जो मुख्य मार्गों से गुजरी और लोगों को सन्देश देने की कोशिश की है कि आजादी महोत्सव पर आप सब भी हर घर में तिरंगा फहराए।



## ई पंजीयन की संपदा 2 .0 प्रक्रिया संबंधी प्रशिक्षण संपन्न

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में ई पंजीयन की सम्पदा 2.0 प्रक्रिया लागू की जाएगी। जिला पंजीयक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि वर्तमान मे जिले मे ई पंजीयन की सम्पदा 1.0 प्रक्रिया सफलता पूर्वक जारी है जिसमे कुछ आवश्यक सुधार कर नयी प्रक्रिया लागू की जा रही है। नयी प्रक्रिया के प्रशिक्षण हेतु ई दक्षता केंद्र अशोकनगर मे एक सप्ताह से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे सेवा प्रदाता और अधिकारी कर्मचारी नयी प्रक्रिया को सुगमता से अपना सके। सम्पूर्ण प्रशिक्षण ई दक्षता केंद्र के मास्टर ट्रेनर नृपाल सिंह द्वारा जिले के सभी सेवा प्रदाताओं को समस्त प्रक्रिया की जानकारी दीं गई। प्रशिक्षण में नवीन पोर्टल पर खुद को रेजिस्टर्ड करना, ई स्टाम्प जनरेट करना, डीड ड्राफ्टिंग करना, ड्यूटी कैलकुलेशन करना, ड्यूटी चुकाना व स्लॉट बूक करना सीखया गया। श्री चौहान द्वारा बताया गया कि नवीन प्रक्रिया मे व्यक्ति खुद ही बिना सेवा प्रदाता के पास जाए ऑन लाइन पेमेंट करके स्वयं ही ई स्टाम्प जनरेट कर सकता है। साथ ही वीडियो के वायसीके माध्यम बिना रजिस्ट्रार ऑफिस जाए मॉर्डगेजे डीड का रजिस्ट्रेशन करा सकता है।

### एक नजर में

#### हत्या के आरोपी अजीवन कारावास

**चंदेरी।** अपर सत्र न्यायाधीश शहाबुद्दीन हाशमी द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 20/21 शासन पुलिस चंदेरी विरुद्ध शाकिर शाह पुत्र मंजू शाह निवासी नानोन में निर्णय घोषित किया अभियुक्त द्वारा दिनांक 19/05/20 19 को ग्राम ननोन के रहने वाले मृतक रघुनाथ से पीने के लिए पानी मांगा मृतक द्वारा पानी देने से मना करने पर अभियुक्त शाकिर द्वारा कुल्हाड़ी से मार कर रघुनाथ की हत्या कर दी गई। जिसमें शाकिर को धारा 302 में आजीवन कारावास एवं 1000 के अर्थ दंड से दंडित किया। शासन की ओर से पैरवी अंशुल कठरया द्वारा की गई।

#### कृषि अधिकारियों ने किया फसलों का निरीक्षण

**अशोकनगर।** कृषि अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों की डायग्नोस्टिक टीम जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ बीएस गुप्ता , उप संचालक कृषि के एस कैन, एसडीओ मुकेश रघुवंशी ने ग्राम तरावाली, बमुरिया,फुटेरा मै किसानों के साथ खेत में फसलों का निरीक्षण किया गया। किसान भाईयों को सलाह दी गई है कि धान फसल को छोड़कर अन्य फसलों मे खेत में पानी नहीं भरने दें तत्काल जल निकासी करें। साथ ही फसलों मे किसी भी प्रकार की कीट ब्याधि लगने पर सबन्धित कृषि विस्तार अधिकारी से सपर्क करे।

## जहां से निकलते हैं यात्री वहीं टपक रहा पानी

### रेलवे स्टेशन के हाल बेहाल, बारिश में यात्री भीगने को मजबूर, शोपीस बने स्क्रीन

नवभारत

**मुंगावली। नगर का रेलवे स्टेशन इस समय लोगो के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है, और उसकी बजह है की बारिश में जैसे ही यात्री स्टेशन पर पहुंचते है तो स्टेशन के अंदर जाते ही बारिश का पानी टीनो से नीचे टपकता है और लोग भीग जाते है।**

इससे सबसे ज्यादा समस्या महिला और छोट- छोटे बच्चे जो यात्रा के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचते है। यह हालत प्लेटफार्म नंबर 1 पर है तो वही प्लेटफार्म नंबर 2 पर तो यात्रियों के लिए बारिश के बचने का कोई उपाय ही नही है, क्योंकि प्लेटफार्म नंबर 2 छोटे-छोटे शेड बने हुए है। जिससे बारिश से नही बचा जा सकता है वही लोग बारिश में गाड़ी आने का इंतजार 1 नंबर प्लेटफार्म पर करते है और जैसे ही गाड़ी 2 नंबर प्लेटफार्म पर आती है, तो वह भीगते हुए गाड़ी पकड़ते है यात्रियों का कहना था की हमारे द्वारा इस संबध में कई बार शिकायत की गई मगर कोई सुनवाई नहीं होती है वही परेशानी भरा सफर करना पड़ता है। वही अलावा रेलवे द्वारा पर रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक बड़ी स्क्रीन प्लेटफार्म पर लगा रखी है जिससे यात्री को अपनी ट्रेन का समय और कौन सी गाड़ी कहा आ रही है। इसकी जानकारी आसानी से मिल सके मगर यह स्क्रीन कई दिनों से बंद है और केवल एक ही लाइन पर रुक कर रह गई है। जिसे स्टेशन प्रबधक सही कराने में कोई दिलचस्पी देते दिखाई नही दे रहे है और आज भी रेलवे स्टेशन पर यात्री परेशानी भरा सफर करने को मजबूर है।



## प्रधान जिला न्यायाधीश ने बंदियों से की चर्चा

**जिला जेल का न्यायाधीश ने किया निरीक्षण**

**बंदियों को मिलने वाली सुविधा की ली जानकारी**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में व जिला न्यायाधीश प्रवेन्द्र कुमार सिंह, जिला न्यायाधीश/सचिव रश्मि मिश्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण तुमराची धुर्वे एवं न्यायाधीश ध्रुव अग्रवाल की उपस्थिति में शनिवार को जिला जेल, अशोकनगर का निरीक्षण सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा ने जेल मेनुअल के अनुसार जिला जेल अशोकनगर में निरुद्ध बंदीगणों के रहन-सहन, पेयजल, खान-पान, साफ सफाई, स्वास्थ्य सुविधा, विधिक सहायता आदि विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त कर बंदियों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया, साथ ही उन्होंने जेल में स्थापित 5 बैरकों एवं महिला बेरक, पाकशाला, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, डिस्पेंसरी, मुलाकात कक्ष, लाईब्रेरी, भंडार कक्ष आदि का भी निरीक्षण किया। बंदियों से उनके अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया गया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह विधिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। साथ ही बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई व बताया गया कि प्रत्येक बंदी को अपने अधिकार और कानूनी सलाह, विधिक सहायता के माध्यम से प्राप्त करने का अधिकार है। बंदियों से अपील की गई कि जेल सुधार गृह है। यहां रहने के दौरान आत्ममंथन और चिंतन करने की जरूरत है। मन में हताशा एवं निराशा के भाव नहीं रखना चाहिए। जिससे यहां से निकलने के बाद वे समाज में अच्छे नागरिक होने का दायित्व निभा सकें। इस मौके जेल अधीक्षक एसए सिद्दिकी, जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल, लीगल एड डिफेंस काउंसल से अधिवक्ता अभिषेक सिंह यादव, पैरालीगल वालंटियर्स कुमार संभव, विवेक यादव एवं जेल स्टाफ मौजूद था।

## खाद्य अधिकारी ने लिये दूध दही के नमूने

**जांच के लिए छात्र-छात्राओं को किया जागरूक**

**चंदेरी में विभिन्न स्थानों से लिए सैंपल**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** उच्च न्यायालय, खण्डपीठ ग्वालियर के पारित आदेश के पालन में एवं कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा ग्राम अमरोद हाई स्कूल के छात्र - छात्राओं को खाद्य पदार्थो में मिलावट की घर पर ही बिना केमिकलस किस प्रकार जांच की जाएं, यह समझाया गया। साथ ही बच्चों में जागरूकता लाने हेतु खाद्य पदार्थ के जागरूकता संबंधी फ्लेक्स एवं पंपलेट का वितरण किया गया। इसी क्रम में चंदेरी के नये बस स्टेंड से दही, चलेबी, मावा, गुजिया और वेसन के नमूने लिये गए ।साथ ही पुराने बस स्टेंड स्थित साहू मिष्ठान भंडार से दूध, वर्फी और वेसन लड्डु के नमूने लिये गए।



## नगर परिषद की तीन मांगों पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने लिखा पत्र

नवभारत न्यूज

**पिपरई।** नगर परिषद की अध्यक्ष सहित सभी पार्षद विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे के नेतृत्व में दिल्ली में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलकर प्रमुख्य मांगों के लेटर देकर आये थे। जिनमें प्रमुख मुंगावली रोड को सेहराई चंदेरी से अशोक नगर मार्ग का वाय पास और नबीन बस स्टैंड के लिए राशि लगभग तीन करोड़ रुपये और पिपरई को जनपद पंचायत का दर्जा प्राप्त करवाया जाने की मांग थी। इस संदर्भ में स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विभागों को पत्र जारी कर दिए है। जिसकी सूचना नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि को पत्र द्वारा जैसे ही मिली तो सभी मे खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों में एक उम्मीद जगी की सिंधिया ने नगर की प्रमुख्य मांगों को प्रमुखता से लिया है और निश्चित ही पूर्ण हो जाएगी।



**ये है प्रमुख तीन मांगे :** सिंधिया द्वारा लिखे गए पत्र में प्रथम मांग कस्वे की मुंगावली से अशोकनगर या चंदेरी के लिए जाना है तो उसको प्रमुख बाजार और बस्ती में से निकल कर जाना पड़ता है जिससे आए दिन वाहहनों का जाम लगता है। इसके लिए श्री सिंधिया ने मप्र शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को पत्र लिखकर मांग पर ध्यान आकर्षित करवाया है। वहीं दूसरी मांग पिपरई को जनपद पंचायत का दर्जा प्राप्त हो ।इसके लिए श्री सिंधिया ने अपने पत्र द्वारा लिखकर मुख्यमंत्री मोहन यादब से स्वीकृति का आग्रह किया गया है। इसके अलावा तीसरी मांग नगर परिषद में अभी तक बस स्टैंड नही है और यात्रियों को बारिश के समय पानी मे भीगते में खड़े रहकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। ऐसा ही गर्मी के मौसम में भी धूप में ही यात्रियों को बसों का इंतजार करना पड़ता है इसके लिए तीन करोड़ रुपये की लागत से नया बस स्टैंड स्वीकृति की मांग रखी थी। जिसपर मप्र शासन के नगरीय विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश बिजयबर्गीय को पत्र जारी कर मांग पर प्रमुख्यता से ध्यान आकर्षित करवाया है।

**दीक्षा दिवस**

### दीक्षा दिवस पर फल वितरण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

## भक्ति और धूमधाम से मनाया गया नगर गौरव का 21वां दीक्षा दिवस

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** नगर में चातुर्मास कर रहे नगर गौरव मुनिश्री सौम्य सागर महाराज का बड़े ही धूमधाम के साथ 21 वा दीक्षा दिवस मनाया गया। इस दौरान सुबह से ही लोगो ने अपने घरों के बाहर रंगोली सजाई। वही शहर में जगह-जगह तोरण द्वार बनाए ग। सुबह सबसे पहले मुनिश्री के मुखारबिंद से गंध कुटी महावीर जिनालय पर अभिषेक और शांतिधारा की गई। इसके बाद नगर सभी मंदिरों के पुजारी और महिला संगठन द्वारा मुनिश्री को गंध कुटी से वीर सेवा दल के दिव्य घोष के साथ सुधा सागर भवन ले जाया गया, जहा दीक्षा दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मंगलाचरण किया गया, इसके बाद बाहर से आए श्रद्धालुओ द्वारा बड़े बाबा और आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के चित्र अनावरण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान आचार्यश्री विद्यासागर महाराज और मुनिश्री सौम्य सागर महाराज की संगीतमय पूजन की गई। वही सभी लोगो ने अर्घ समर्पित किए गए। कार्यक्रम में महिला मंडल, महिला परिषद, सभी पाठशाला के शिक्षक छात्र शामिल हुए। वही नागपुर से आए महिला मंडल ने मुनिश्री का आशीर्वाद लिया। इसके अलावा दोपहर में सकल जैन समाज द्वारा दीक्षा दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल में पहुंचकर फल वितरण करने के साथ ही युवा शक्ति और नगर के समाजजन ने रक्त दान शिविर में भाग लेकर 50 से अधिक लोगो ने रक्त दान किया। इस मौके पर नागपुर,जगदलपुर,भोपाल,विदिशा, और आसपास क्षेत्र से समाजजन पधारे।





**सुधा सागर जी महाराज के प्रेरणा से शुरू की शांतिधारा**

दीक्षा दिवस के शुभ अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री निरापद सागर महाराज ने कहा की जब मुनिश्री सौम्य सागर महाराज पर उपसर्ग आया तो में एक समय के लिए स्तंभ रह गया तब तक मैने कभी भी शांतिधारा नही पड़ी थी और न ही में मंदिर में शांतिधारा पड़ने जाया करता था। मगर उसी समय निर्यापक मुनिश्री सुधा सागर महाराज के मंगल प्रवचन शांतिधारा को लेकर सुने तभी से मैने शांतिधारा पड़ना शुरू किया और जो आजतक जारी है शांतिधारा पड़ते समय केवल एक ही भाव रखे की भगवन मुनिश्री सौम्य सागर महाराज पर आए उपसर्ग दूर हो और शांतिधारा का ऐसा चमत्कार हुआ की मुनिश्री का धीरे-धीरे स्वास्थ्य ठीक होने लगा और मुनिश्री आज पूर्ण रूप से ठीक हो गए यह चमत्कार निर्यापक मुनिश्री सुधा सागर महाराज के द्वारा बताए गए शांतिधारा के चमत्कार के है जिसे में आज भी पढ़ रहा हु और न जाने कितने ऐसे लोग होगे, जिनकी बड़ी-बड़ी बीमारी इस शांतिधारा से ठीक हुई है यहां तक कि लाइलाज बीमारी भी दूर हुई है।

## शुभचिंतकों ने मनाया जज्जी का जन्मदिन

### चाहने वाले बोले हर तबके की मदद के लिए अग्रसर रहते हैं जज्जी

**वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को कराया भोजन**

**कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह किया पौधारोपण**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी का जन्मदिन शनिवार को उनके चाहने वालों ने वृद्धाश्रम में वृद्धों को भोजन कराकर, स्कूली बच्चों को पानी की बोतल बांटकर तथा स्वल्पाहार कराकर एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जैसे समाज सेवा के कार्य कर मनाया। पार्षद, नपा के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र भारद्वाज ने वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्धों को भोजन कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जन सेवा के हर कार्य के लिए जज्जी भैया हमेशा समर्पित रहते हैं, कैसा भी समय हो उनके पास मदद के लिए जाने वालों को कभी निराश नहीं होना पड़ा। छोटा,बड़ा,अमीर, गरीब हर एक की यथाशक्ति मदद करते हैं। इसीलिए वह हर दिल अजीज हैं। आज उनके जन्मदिन पर उनके दीर्घायु की कामना करते हैं। शहर के वार्ड नंबर 2 से पार्षद प्रमेंद्र तायडे जॉर्ज ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 2 में पहुंचकर स्कूली बच्चों को पानी की बोतल, स्वल्पाहार वितरित किया। उन्होंने कहा कि जनसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले जज्जी भैया शहर के लोगों के हर दुख सुख में साथ खड़े रहते हैं। विकास के लक्ष्य को लेकर राजनीति में सक्रिय हैं और शहर की कोई भी समस्या हो उसके समाधान के लिए जी जान से जुट जाते हैं। पूर्व विधायक जज्जी के जन्मदिन के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राजपुर की चौकी परिसर में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इसी तरह ग्राम कचनार में भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्राम धतुरिया में सरपंच बब्लू यादव द्वारा आधा सैकड़ा से अधिक पेड़ लगाए एवं उनके समर्थकों ने पौधारोपण के साथ अन्य कार्यक्रम किए। बधाईयो का दौर दिनभर चलता रहा है।

